**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. *165**
**दिनांक 11.12.2025 को उत्तर के लिए नियत**

## महाराष्ट्र में पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि योजना (स्फूर्ति) के अंतर्गत संकुल

*165. **श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**
**श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि योजना [एसएएफयूआरटीआई (स्फूर्ति)] के अंतर्गत देश में वर्तमान में कार्यान्वित किए जा रहे कार्यकलापों/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में विशेषकर परभणी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्फूर्ति के अंतर्गत किन्ही संकुलों को अनुमोदित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत स्वीकृत और जारी की गई वित्तीय सहायता का संकुल-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में स्फूर्ति संकुलों के माध्यम से रोजगार सृजन, आय में वृद्धि और उत्पादों के विविधीकरण का मूल्यांकन करने के लिए कोई प्रभाव संबंधी आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार महाराष्ट्र में स्फूर्ति संकुलों द्वारा विकसित उत्पादों के लिए उचित विपणन सहायता, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स संपर्क किस प्रकार प्रदान कर रही है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**
**(श्री जीतन राम मांझी)**

**(क) से (ड.):** विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत किया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 11.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(क):** परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) के अंतर्गत, अनुमोदित क्लस्टरों के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित गतिविधियां कार्यान्वित की जा रही हैं:

i. **हार्ड इंटरवेंशन** के अंतर्गत सामान्य सुविधा केंद्र का निर्माण, संयंत्र और मशीनरी की खरीद और स्थापना तथा कच्चा माल बैंक की व्यवस्था।
ii. **सॉफ्ट इंटरवेंशन** के अंतर्गत प्रशिक्षण, एक्सपोज़र विजिट, क्रेता-विक्रेता बैठक आदि का आयोजन।

**(ख) और (ग)**: वित्त वर्ष 2020-21 से, महाराष्ट्र में परभणी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित 13 क्लस्टरों को स्वीकृति दी गई है। विवरण **अनुलग्नक-I** में है।

**(घ):** वर्ष 2021 के दौरान भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ द्वारा परंपरागत उद्योगों के पुनर्सृजन हेतु निधि स्कीम (स्फूर्ति) का मूल्यांकन अध्ययन किया गया था, जिसमें 8 राज्यों (महाराष्ट्र सहित) के 18 क्लस्टरों को शामिल किया गया था। एक अन्य अध्ययन वर्ष 2022 के दौरान नीति आयोग द्वारा किया गया था, जिसमें 6 राज्यों के 50 क्लस्टरों को शामिल किया गया था। इन मूल्यांकन अध्ययनों के अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2024-25 में मंत्रालय द्वारा 90 कार्यशील स्फूर्ति क्लस्टरों की समीक्षा की गई। इसके मुख्य निष्कर्षों में निम्नलिखित शामिल हैं:-

i. मूल्यवर्धन, उत्पाद विविधीकरण और घरेलू और निर्यात-उन्मुख दोनों बाजारों तक पहुंच के कारण कारीगरों की आय का स्तर सामान्यतः 10-20% बढ़ गया है।
ii. सामान्य सुविधा केंद्रों पर नियमित मजदूरी-आधारित कार्य के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़े हैं, जिससे ग्रामीण और वन के निकटवर्ती क्षेत्रों में और अधिक स्थिर आजीविका उपलब्ध हो रही है। स्फूर्ति क्लस्टरों में महिलाओं की भागीदारी 50% से अधिक पाई गई है।
iii. आधुनिक मशीनों और प्रौद्योगिकी के उपयोग से उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर हुई है तथा उत्पादन में वृद्धि हुई है।
iv. कारीगरों तक लाभ की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टरों में एसपीवी की भूमिका को सुदृढ़ करना आवश्यक है।
v. स्वीकृत क्लस्टरों की आवधिक समीक्षा और अनुवर्ती कार्रवाई के माध्यम से उपलब्धि-आधारित निगरानी को प्रभावी बनाना आवश्यक है।

**(ङ.):** स्कीम के अंतर्गत, पैनलबद्ध तकनीकी एजेंसियां (टीए) ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्मों के उपयोग, व्यवसाय संबंधी विकास कार्यनीतियों की आयोजना और विकास, नई मीडिया मार्केटिंग, नियमित प्रचार चैनलों के माध्यम से संवर्धन और विज्ञापन सहित ई-कॉमर्स पर विशेष ध्यान देते हुए विपणन कार्यनीतियों को विकसित और क्रियान्वित करने में क्लस्टरों की सहायता करती हैं।

******

अनुलग्नक-I

**लोक सभा में दिनांक 11.12.2025 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या *165 के भाग (ख) और भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**महाराष्ट्र में स्वीकृत क्लस्टरों (वित्तीय वर्ष 2020-21 से) का विवरण**

| क्र.सं. | क्लस्टर का नाम | लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र | भारत सरकार की स्वीकृत प्रतिबद्ध सहायता (लाख रुपये में) | वर्ष-वार जारी धनराशि (लाख रुपये में) | | | | | | वर्ष 2020-21 से जारी कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | |
| 1 | बांस शिल्प क्लस्टर अमरावती | अमरावती | 356.88 | 178.4 | 178.4 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 356.88 |
| 2 | भद्रावती टेराकोटा क्लस्टर | चंद्रपुर | 166.85 | 83.4 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 83.42 |
| 3 | भंडारा वन आधारित लाख प्रसंस्करण क्लस्टर | यवतमाल-वाशिम | 269.86 | 134.9 | 0.0 | 0.0 | 120.9 | 0.0 | 7.0 | 262.87 |
| 4 | नासिक पॉटरी क्लस्टर | नासिक | 343.44 | 171.2 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 41.0 | 67.7 | 279.948 |
| 5 | पैथिनी साड़ी, कढ़ाई और सिलाई क्लस्टर | नासिक | 427.29 | 213.6 | 213.6 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 427.29 |
| 6 | बहु-उत्पाद प्रसंस्करण क्लस्टर | जलना | 228.22 | 0.0 | 199.5 | 0.0 | 29.6 | 0.0 | 0.0 | 228.22 |
| 7 | प्लश टॉयज क्लस्टर | परभणी | 387.73 | 193.7 | 194.1 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 387.73 |
| 8 | सोलापुर ब्रूम एवं संबद्ध उत्पाद क्लस्टर | सोलापुर | 173.49 | 86.8 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 86.75 |
| 9 | मसाला प्रसंस्करण, औरंगाबाद | औरंगाबाद | 462.63 | 0.0 | 231.3 | 0.0 | 220.0 | 0.0 | 11.3 | 462.63 |
| 10 | सुंदरबन फल एवं सब्जी प्रसंस्करण क्लस्टर | पुणे | 227.82 | 113.9 | 0.0 | 0.0 | 100.5 | 0.0 | 13.4 | 227.82 |
| 11 | बहु-उत्पाद क्लस्टर | हिंगोली | 309.54 | 154.8 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 60.0 | 0.0 | 214.77 |
| 12 | खेती के लिए डेयरी विकास एवं उद्यमिता और भूमिहीन दुग्ध उत्पादक समुदाय पवनी और लाखंदूर क्लस्टर | भंडारा-गोंदिया | 412.7 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | ड्रैगन पैलेस रेडीमेड परिधान क्लस्टर | नागपुर | 242.72 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

* नोडल एजेंसी द्वारा सीएनए खाते में 225.34 लाख रुपये की धनराशि वापस कर दी गई है।